आकाशवाणी शिमला

09.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार आगामी बजट में विशेष बच्चों के कल्याण के लिए नई योजना लाएगी। मुख्यमंत्री आज शिमला के हीरानगर में बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए नवनिर्मित विशेष आवासीय विद्यालय के उदघाटन अवसर पर बोल रहे थे। ये बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों को निशुल्क गुणात्मक शैक्षणिक व व्यवहारिक शिक्षा सहित आवासीय सुविधाओं से युक्त प्रदेश का पहला संस्थान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से हिमाचल निराश्रित बच्चों की देखभाल और शिक्षा के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र पर विशेष ध्यान है और इसी को देखते हुए सोलन के कण्डाघाट में 9 हजार दिव्यांग जनों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए उत्कृष्ट केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। इस केन्द्र का निर्माण कार्य 2 वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद रहे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जन प्रतिनिधियों का आहवान किया है कि वे समाज में निक्षय मित्र के तौर पर कार्य करें और टीबी के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। रोहित ठाकुर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत शिमला जिला में सौ दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि टीबी से डरने की नहीं बल्कि सतर्क और बेहतरीन समझ रखने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सौ दिवसीय निक्षय शिविर अभियान समाज को नई दिशा देगा। शिक्षा मंत्री ने जिले की टीबी मुक्त एक सौ 33 पंचायतों और टीबी चैम्पियन को सम्मानित भी किया। शिमला जिला में इस समय टीबी के एक हजार 7 सौ 23 मरीज हैं।

उप–तहसील

भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने आज जाहू में उप–तहसील का विधिवत उदघाटन किया। सुरेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि जाहू में उप–तहसील की स्थापना से क्षेत्र की पांच पंचायतों के हजारों को लाभ होगा और उन्हें अपने राजस्व संबंधी कार्य निपटाने में

मदद मिलेगी। सुरेश कुमार ने कहा कि आम लोगों के राजस्व संबंधी कार्यों और सेवाओं को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने समयबद्ध बनाया है। इसके लिए राजस्व अदालतों का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि जाहू में लम्बे समय से उप–तहसील की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

शहीद

धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाघनी के जवान अक्षय कपूर का आज पूरे सैनिक व राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अक्षय कपूर बीते शुक्रवार को अरूणाचल प्रदेश में हृदयगति रूक जाने के कारण निधन हो गया था। वह 29 वर्ष के थे। शहीद की पार्थिव देह आज उनके पैतृक गांव पहुंची। इस मौके पर विधायक सुधीर शर्मा, कांग्रेस नेता देवेन्द्र जग्गी और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। शहीद अक्षय कपूर डोगरा बटालियन में तैनात थे।

दुर्घटना

शिमला जिला के रामपुर पुलिस थाना के तहत भेरा खड्ड के पास एक कार के पहाड़ से टकरा जाने के कारण दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान काकू और राजू के रूप में हुई है। दोनों मृतकों के शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए हैं। उधर सिरमौर जिला में कुपवी से सोलन जा रही एक कार के रोंडी चौरास के पास बर्फ से फिसल कर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया है। ये दुर्घटना रात लगभग 12 बजे हुई। गाड़ी में 4 लोग सवार थे। दुर्घटना के समय 2 लोग गाड़ी को धक्का लगा रहे थे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुए हिमपात के बाद पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में आ गया है। जनजातीय जिला किन्नौर के छितकुल में लगभग आधा फुट ताजा हिमपात दर्ज किया गया है जबकि कोकसर में लगभग 7 सेंटीमीटर, खदराला में 5, सांगला में 4, केलंग में 3 और शिमला में अढ़ाई सेंटीमीटर हिमपात दर्ज किया गया है। कुल्लू जिले की उंची चोटियों सहित पर्यटक स्थल मनाली, मढ़ी, सोलंगनाला, अटल टनल, गुलाबा, जलोड़ी जोत, नारकंडा, कुफरी और चायल में भी बर्फबारी हुई है। शिमला ज़िले के

उपरी इलाकों में हुई बर्फबारी से यातायात प्रभावित हुआ है। चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर की उंची चोटियों तथा किलाड़ में भी ताजा हिमपात हुआ है। इस बीच मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा है कि अगले 24 घण्टों में लाहौल–स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी की संभावना है जबकि कल से एक सप्ताह के लिए मौसम आमतौर पर साफ रहेगा। प्रदेश में आज सुबह से ही अधिकांश स्थानों पर हल्के बादल छाए हुए हैं।

नमस्कार।